तापमान
अधिकतम 22 डिग्री
न्यूनतम 9 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 20 दिसंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 20 साल बाद भी नहीं हुई रजपुरी कला से कटकोना सड़क की मरम्मत



## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय हिन्दू सम्मेलन आज

**चरचा कॉलरी।** सर्व हिन्दू समाज चरचा के तत्वावधान में जिला स्तरीय हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 20 दिसंबर को किया जाएगा। यह सम्मेलन दोपहर 2 बजे से नगर के श्रवण स्टेडियम, चरचा में आयोजित होगा। आयोजित हिन्दू सम्मेलन में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में अजय राम प्रांत प्रचारक (छग) उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में हिन्दू समाज की एकता, संस्कृति संरक्षण, सामाजिक समरसता एवं राष्टहित से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन में जिलेभर से विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि, धर्मप्रेमी नागरिक, युवा एवं मातृशक्ति की सहभागिता रहेगी।

### रेस्क्यूअर्स ग्रुप के प्रांताध्यक्ष बने प्रहलाद

**मनेन्द्रगढ़।** क्षेत्र में लंबे समय से स्नेक सेवर के रूप में सेवा दे रहे



झगराखंड के प्रहलाद पाण्डेय के सेवा कार्यो से प्रभावित होकर आल इंडिया वाइल्ड लाइफ रेस्क्यूअर्स ग्रुप ने श्री पाण्डेय को प्रांताध्यक्ष आल इंडिया वाइल्ड लाइफ रेस्क्यूअर्स ग्रुप नियुक्त किया है। श्री पाण्डेय का कहना है कि प्राकृतिक संतुलन के लिए सांपों का रहना बहुत आवश्यक है साथ ही सांप जहां किसानों के सहयोगी हैं, वहीं उनका जहर विभिन्न जीवन रक्षक दवाइयां बनाने में काम आता है। श्री पाण्डेय ने कहा कि सभी सांप जहरीले नहीं होते, आमतौर पर लोग भयवश मृत्यु को प्राप्त होते हैं यदि समय पर इलाज हो तो सर्पदंश से बहुत कम मृत्यु हो। उनकी इस नियुक्ति पर डॉ. रश्मि सोनकर, गौरव मिश्रा, रवि सिंह आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने माबूद


**वेस्ट चिरमिरी।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सिंह एवं



प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की सहमति से जिले के अल्पसंख्यक समुदाय के मजबूत नेता माबूद अली को जिला एमसीबी अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी से जुड़ाव के उनके लंबे कार्य अवधि और उनके कुशल नेतृत्व को देखते हुए प्रदेश संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। माबूद अली लंबे समय से पार्टी संगठन और सामाजिक कार्यों से जुड़े हुए हैं। माबूद अली को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष बनाए जाने की खबर मिलते ही उनके समर्थकों एवं प्रशंसकों में उत्साह एवं खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर श्री अली ने कहा कि संगठन ने यह महत्वपूर्ण पद देकर उन्हें एक नई जिम्मेदारी सौंपी है।

## नगर पालिका प्रशासन से वार्डवासियों ने की पहल की मांग

# शाम ढलते ही तालाब के चारों ओर छा जाता है अंधेरा





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के बगल में स्थित प्राचीन तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए पूर्व में लाखों रूपए खर्च कर,घाट निर्माण, फूटपाथ निर्माण के साथ दर्जनों की संख्या में डेकोरेटिव लाइट लगाई गई थी, तब ऐसा लग रहा था कि बस स्टैंड के समीप का प्राचीन तालाब शहर की सुंदरता का केन्द्र बनेगा, लेकिन निर्माण पर तो ध्यान दिया गया, लेकिन इसके बाद देख-रेख की दिशा में भी ध्यान नहीं दिया गया। नतीजा यह हुआ कि पक्का निर्माण तो सही सलामत है, लेकिन तालाब के चारों ओर ⏭ शेष पेज 4 पर

### मार्ग किनारे दुकानों का निर्माण हो सकता है

प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास स्थित तालाब मुख्य मार्ग किनारे स्थित है और तालाब सड़क के बीच पर्याप्त जगह है, ऐसे में सड़क किनारे से कई दुकानों का निर्माण कराया जा सकता है, इससे तालाब परिसर प्रमुख व्यावसायिक परिसर बन सकता है तथा बस स्टैंड के निकट मुख्य मार्ग किनारे अस्थाई दुकान वालों को वहां व्यवस्थित किया जा सकता है, इसके अलावा अन्य लोगों को स्थाई रोजगार के लिए दुकान आवंटन किया जा सकता है। नगर पालिका परिषद इस ओर ध्यान देता है तो तालाब के निकट कई दुकानों का निर्माण किया जा सकता है।

### दर्जनों डेकोरेटिव लाइट गायब

प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों रूपए खर्च कर दिए गए, लेकिन तालाब की सुंदरता निखर नहीं पाई। तालाब के किनारे एवं सड़क किनारे डेकोरेटिव लाइट दर्जनों की संख्या में लगाए गए थे जो समय के साथ अब पूरी तरह से गायब हो गए।

### गंदगी से पटा प्राचीन तालाब

शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप स्थित प्राचीन तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए भले ही खर्च कर दिया गया हो, लेकिन हकीकत यह है शाम ढलते ही यह क्षेत्र अंधेरे में डूब जाता है, इसके अलावा प्राचीन तालाब की साफ-सफाई नहीं होने के कारण तालाब में गंदगी पसरी हुई है। तालाबों को संरक्षित करने की दिशा में सरोवर धरोहर योजना केवल कागजो में ही संचालित हो रही है।



जागरूकता रथ को हरीझंडी दिखाकर रवाना करती कलेक्टर।

# जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के द्वारा पल्स पोलियो अभियान के तहत कार्ययोजना की जानकारी दी गई।

बैठक में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस (एनआईडी) पल्स पोलियो अभियान में सभी जीरो से पांच वर्ष के बच्चों को 21 से 23 दिसंबर तक पल्स पोलियो का ड्रॉप पिलाया जाएगा। प्रथम दिवस में सुबह 8 से शाम 5 बजे तक बच्चों को पोलियो बूथ में पोलियो की ड्रॉप्स पिलाया जाएगा। द्वितीय और तृतीय दिवस 22 एवं 23 दिसंबर तक घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया जाएगा। बैठक उपरांत कलेक्ट्रेट परिसर से पोलियो जागरूकता रथ को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के पहुंच विहीन क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरूक करने व प्रचार करने का कार्य करेगा। जिले में विशेष रूप से बाहर जाने वाले बच्चों व बाहर से आने वालों बच्चो का विशेष ध्यान रखा जाएगा, इसके लिए हाट बाजार, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंण्ड, ईंट-भट्ठा में काम करने वालों के बच्चे, झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले, शहरी स्लम एरिया (क्षेत्रों) में विशेष ध्यान दिया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रथम दिवस में 80 प्रतिक्षण पोलियो ड्रॉप पिलाना सुनिश्चित करेंगे। लोगों के सुविधा के लिए ट्रांजिट टीम के सदस्य द्वारा दायित्व का निर्वहन अच्छे से करेंगे। ग्रामीण पहुंच विहीन क्षेत्रों के लिए पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करें। पल्स पोलियो अभियान का सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए माइक्रोप्लान बनाकर शत-प्रतिशत करें। इसके लिए जिले में जिला स्तर पर और विकासखंड स्तर पर टीम गठित कर मानीटरिंग करें। बूथ लेवल पर बस स्टैंड, टोल टैक्स, रेलवे स्टेशन, बाजार आदि स्थानों पर प्रचार-प्रसार के बैनर-पोस्टर एवं प्रचार सामग्री ⏭ शेष पेज 4 पर

■ जागरूकता रथ पहुंच विहीन क्षेत्रों में जाकर करेगा अभियान का प्रचार

# साप्ताहिक बाजार में ऑटो चालकों की मनमानी

**बरबसपुर।** एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत बरबसपुर के साप्ताहिक बाजार में ऑटो चालकों की मनमानी अब गंभीर समस्या का रूप ले चुकी है।





साप्ताहिक बाजार के दिन दर्जनों ऑटो चालक घंटों तक दुकानों के सामने अपने वाहन खड़े कर देते हैं, इससे छोटे दुकानदारों का व्यापार पूरी तरह ठप हो जाता है। स्थिति यह है कि बाजार में अव्यवस्था और तनाव का माहौल बना रहता है। स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि ऑटो चालक जानबूझकर दुकानों के ठीक सामने वाहन खड़ा कर देते हैं, जिससे दुकानें पूरी तरह दिखाई ही नहीं देती। ग्राहक जब दुकान तक पहुंचना चाहते हैं तो उन्हें वाहन हटाने का इंतजार करना पड़ता है, जिससे अधिकांश ग्राहक बिना खरीदी किए लौट जाते हैं। इसका सीधा असर छोटे दुकानदारों की दैनिक आमदनी पर पड़ रहा है। व्यापारियों के अनुसार जब दुकानदार ऑटो चालकों से वाहन आगे-पीछे करने का अपील करते हैं तो वे झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। कई बार तो बात गाली-गलौज और धमकी तक पहुंच जाती है, इससे बाजार में भय का माहौल बन गया है और दुकानदार अपनी बात रखने से भी डरने लगे हैं। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन की मौजूदगी न होने पर ऑटो चालक सड़क के बीचों-बीच वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है और घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। राहगीरों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। हालात यह हैं कि जैसे ही शाम के समय नागपुर चौकी की पुलिस वाहन की सायरन सुनाई देती है, ऑटो चालक तुरंत मौके से फरार हो जाते हैं। पुलिस के जाते ही फिर वहीं स्थिति बन जाती है।

### नशा विरोधी अभियान का का दिया संदेश

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में बी 18 दिसंबर को मद्य निषेध दिवस के अवसर पर नशा उन्मूलन को लेकर व्यापक और प्रभावी जन जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी आरके खाती के निर्देशानुसार जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा सफलतापूर्वक संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत प्री- मैट्रिक छात्रावास, लालपुर (मनेन्द्रगढ़) में अध्ययनरत बच्चों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मद्य निषेध दिवस के महत्व, उद्देश्य तथा नशे से होने वाले गंभीर सामाजिक, मानसिक और शारीरिक दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी दी गई।

## किचन में रखा सिलेंडर धमाके के साथ फटा, सारा सामान जलकर राख



**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र के वैष्णव दरबार सब स्टेशन के सामने संतोष केवट के घर में गुरुवार की सुबह भीषण आग लग गई। जानकारी के अनुसार घर के किचन में आग लगी और गैस सिलेंडर तेज धमाका के साथ फट गया धमाके की तेज आवाज सुनकर लोग चौंक पड़े। घटना का सुखद पहलू रहा कि इस हादसे में कोई हताहत नही हुआ। घटना में टीवी, फ्रिज, कूलर, अलमारी, पलंग सहित घर में रखे पूरा राशन सामान जल कर खाक हो गई घटना की सूचना पाकर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग़ पर काबू पाया।

वार्ड 11 के पार्षद पति सुजीत राठौर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे जहां जानकारी मिली कि पूरा परिवार कम पर गया हुआ है और घर ताला बंद था इस दौरान आग जल की घटना सामने आई दमकल वाहन किसकी सूचना दी गई मौके पर पहुंच घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं किचन में रखे गैस सिलेंडर में भी आग लग गया था। जिसके चलते बड़ी घटना घट सकती थी समय रहते दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। मकान मालिक संतोष केवट ने बताया कि घर पर सुबह 9 बजे पूजा पाठ करने के बाद वह और उसकी पत्नी कम पर चले गए वहीं बच्चे भी अपने काम पर निकल गए उन्हें फोन पर जानकारी मिली कि घर में आगजनी की घटना सामने आई है। संभावना जताई जा रही है कि पूजा रूम में जल रहे दिए की बाती को चूहा लेकर गया होगा और आगजनी की घटना सामने आई है।

### साक्षी बनीं युवा मोर्चा की जिला महामंत्री

**चरचा कॉलरी।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा छग में संगठनात्मक विस्तार के तहत जिलाध्यक्ष एवं



जिला महामंत्री पदों की घोषणा की गई है। यह घोषणा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा की सहमति से की गई। इसी क्रम में युवा मोर्चा में साक्षी सिंह राजपूत को जिला महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्व की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति के बाद नव नियुक्त जिला महामंत्री ने प्रदेश नेतृत्व एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन्हें जिस विश्वास के साथ यह जिम्मेदारी सौंपी है, वह उसके लिए कृतज्ञ हैं। उन्होंने कहा कि यह पद उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है, जिसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संगठनात्मक अनुशासन के साथ करेंगी। साथ ही युवा मोर्चा को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, युवाओं को संगठन से जोड़ने और पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए निरंतर सक्रिय रहेंगे।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता- बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता- कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण –** 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृद्दि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण –** 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण –** 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## जिला स्तरीय समारोह में शामिल हुए प्रतिभागी

# गुरु घासीदास ने सत्य, अहिंसा, समानता व मानवता का दिया संदेश



मंच पर उपस्थित अतिथि।



कार्यक्रम की प्रस्तुति देते प्रतिभागी।

**चरचा कॉलरी।** जिले के सतनामी समाज द्वारा जिला स्तरीय गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन 18 दिसंबर को नगर पालिका शिवपुर चरचा स्थित सुभाषनगर गुरूघासीदास भवन में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ किया गया। यह आयोजन संत शिरोमणि, मानवता के प्रणेता गुरूघासीदास जी की 269 वीं जयंती के पावन अवसर पर संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का आयोजन प्रगतिशील सतनामी समाज के तत्वावधान में किया गया। जयंती समारोह के प्रथम चरण में नगर में भव्य गुरूघासीदास जयंती शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाजजन पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। इस दौरान जैतखाम पूजन, साफा फेर एवं पालो चढ़ाने की परंपराओं का विधिवत निर्वहन किया गया। शोभायात्रा का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### विधायक की पहल पर मिली कुंदी-करवां सड़क निर्माण की स्वीकृति



**राजपुर।** सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा की पहल पर विकासखंड के राजपुर-प्रतापपुर मार्ग के किमी 11 से कुन्दी करवां पहुंच मार्ग (व्हाया पहाड़पारा) तक कुल 3.10 किलोमीटर लंबाई की सड़क के निर्माण हेतु 4 करोड़ 75 लाख 2 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। सीएम विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम अरुण साव द्वारा विकास कार्यों की दी गई सौगात से लोगों में उत्साह का माहौल है। विधायक श्रीमती पैंकरा ने बताया कि यह सड़क क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सड़क निर्माण से न केवल ग्रामीणों को सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिलेगी, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सड़क बनने से ग्रामीणों को बाजार, विद्यालय, अस्पताल एवं अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में समय और संसाधनों की बचत होगी। यह सड़क क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग थी जिसे लगातार शासन स्तर पर उठाया जा रहा था। प्रदेश सरकार ने जनहित को ध्यान में रखते हुए इस मांग को स्वीकार कर क्षेत्र को बड़ी सौगात दी है। ग्रामीणों ने भी सड़क स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बरसात के मौसम में इस मार्ग से गुजरना बेहद कठिन हो जाता था।

### सीनियर सिटीजन फोरम ने गर्भवती महिलाओं को किया कंबल वितरित



**अम्बिकापुर।** फोरम के अध्यक्ष विष्णुप्रताप अग्रवाल के मार्गदर्शन पर उपाध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल की अगुवाई में फोरम के सदस्यों ने जिला अस्पताल के प्रसुति वार्ड में भर्ती महिलाओं, शिशुओं एवं उनके परिजनों को कंबल एवं गरम टोपे वितरित किए। फोरम द्वारा हर वर्ष किए जाने वाले इस कार्य की अस्पताल प्रबंधन एवं स्टाफ ने काफी सराहना की। इस अवसर पर फोरम के संरक्षक महेन्द्र सिंह बग्गा, कोषाध्यक्ष राम कुमार अग्रवाल, सहसचिव पीएस द्विवेदी, हाजी मो.रफीक खान, रमेंद्र सिंह, अशोक अग्रवाल आदि ने अपने हाथ से जरूरतमंदों को कंबल एवं टोपे वितरित किए। शाम 3.30 बजे फोरम की नियमित मासिक बैठक शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी रोशन लाल अगव्राल के आमंत्रण पर उनके चठिरमा स्थित फार्महाउस पर आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन सचिव आईबी तिवारी ने किया। बैठक में अध्यक्ष विष्णुप्रताप अग्रवाल, उपाध्यक्ष राम अवतार अग्रवाल, जगदीश राय केडिया, रामचंद्र अग्रवाल, संरक्षक महेन्द्र सिंह बग्गा, नरसिंह दास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राम कुमार अग्रवाल, मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार, सह सचिव पीएस द्विवेदी वरिष्ठ सदस्य घनश्याम अग्रवाल, गरीब राम अग्रवाल, रमेंद्र सिंह, केपी दीक्षित आदि उपस्थित थे।

### प्राथमिक शाला के स्कूली बच्चों को किया गया स्वेटर वितरण



**भैयाथान।** ठंड के मौसम को देखते हुए प्रकाश इंडस्ट्रीज कोल माइंस के सहयोग से विकासखंड भैयाथान के कुछ प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को स्वेटर वितरण का अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत 40 से अधिक प्राथमिक विद्यालयों के लगभग 1200 छात्र–छात्राओं को स्वेटर वितरित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्राथमिक शाला खाड़ापारा, दानौली, संस्कृत विद्यालय केवरा भैयाथान एवं प्राथमिक शाला खाड़ापारा में विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। वहीं दूसरे दिन कुसमुसी क्षेत्र में भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष राकेश पाठक की उपस्थिति में पांच से अधिक विद्यालयों के लगभग 150 विद्यार्थियों को स्वेटर प्रदान किया गया। इस दौरान रामदेव कुशवाहा, वीरेंद्र पैकरा, शिवशंकर सिंह, ईश्वर पैकरा,पीके सिंह सहित संबंधित विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### स्कायरिच हायर सेकेंडरी स्कूल में मातृ सम्मेलन



**डांड़गांव।** स्कायरिच हायर सेकेंडरी स्कूल उदयपुर में मातृ सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि श्रीमती राधा रवि, विशिष्ट अतिथि श्रीमती राई मुनिया करियाम, श्रीमती कल्पना भदोरिया, श्रीमती शुभ्रा सिंह, श्रीमती सुमन सिंह, श्रीमती शांति राजवाड़े, श्रीमती कृतिका सिंह,श्रीमती प्रमिला पोर्ते, श्रीमती शीला अग्रवाल, श्रीमती सविता गुप्ता, सहित अन्य ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप मंत्र के साथ मंगल दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य राम प्रसाद गुप्ता ने मातृ सम्मेलन के मुख्य विषय शिक्षा, बालक के सर्वांगीण विकास, आचार विचार तथा भावनाओं को स्थिति, मां की अहम भूमिका, परिवार कुटुंब में संस्कारक्षम वातावरण निर्माण सहित अन्य बिंदुओं को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं परिजन उपस्थित थे।

## उपार्जन केंद्रों में लगा धान का अंबार

# सरगुजा की 97 समितियों में बफर लिमिट से डेढ़ गुना अधिक धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

धान खरीदी शुरू हुए एक महीना पूरा हो गया है लेकिन न तो अभी एग्रीस्टेक में सभी किसानों का पंजीकरण हो पाया है न ही उपार्जन केंद्रों में संग्रहित धान का उठाव ही शुरू हो सका है। एक तरफ किसान अपनी उपज बेचने टोकन के लिए संघर्ष कर रहे हैं दूसरी तरफ समितियों में धान का अंबार लग गया है। जल्द संग्रहित धान का उठाव नहीं किया गया तो भविष्य में खरीदी पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

**खास बात**

- एक महीने में मात्र 1 फीसदी धान का उठाव, खरीदी पर पड़ रहा विपरीत प्रभाव



समिति में जाम धान।

**97 केंद्रों में धान जाम**

सरगुजा एवं सूरजपुर में 54-54 जबकि बलरामपुर में 49 कुल 159 धान उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 97 उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक खरीदी होने के कारण धान का अंबार लग गया है। सरगुजा एवं बलरामपुर में मिलरों ने धान का उठाव शुरू कर दिया है लेकिन उठाव की धीमी रफ्तार के कारण अब तक खरीदे गए धान का 1 फीसदी ही उठाव हो सका है। सूरजपुर में अभी धान उठाव की शुरूआत नहीं हो सकी है। जिस गति से धान का उठाव चल रहा है निकट भविष्य में धान जाम होने की समस्या निर्मित हो सकती है। क्षमता से अधिक धान जमा होने के कारण सरगुजा अंतर्गत पेटला, चांदो, लखनपुर, जमगला, कुन्नी, खम्हरिया, ससौली, सुखरी सहित अन्य 26 उपार्जन केंद्रों में धान रखने की जगह नहीं बची है। इसी तरह बलरामपुर जिलान्तर्गत उपार्जन केन्द्र बिरेन्द्र नगर, तातापानी, बड़का गांव, चांढो, बलंगी, डीपाडीह, डूमरपान, जमड़ी सहित अन्य 48 एवं सूरजपुर अंतर्गत शिवप्रसाद नगर, चंदरपुर, गोविन्दपुर पोड़ी, रेवटी, देवनगर आदि उपार्जन केंद्रों की हालत खराब हो गई है। उपार्जन केंद्र शिवप्रसाद नगर में 33526 क्विंटल, वीरेंद्र नगर में 20864 क्विंटल एवं पेटला में 24606 क्विंटल धान का अंबार पड़ा है।

धान की कटाई-मिसाई पूरी होने के बाद अब किसान जल्द से जल्द अपनी उजप बेचने की कोशिशे कर रहे है। बड़ी संख्या में किसान हर दिन अपनी उपज बेचने उपार्जन केंद्रों में पहुंच रहे हैं। इस बार पंजीकृत किसानों की संख्या में वृद्धि हुई है इसके बावजूद दो हजार से अधिक किसानों का अब तक पंजीयन नहीं हो पाया है। धान खरीदी में भी तेजी आई है लेकिन पिछले वर्ष की तुलना में इस बार काफी कम धान खरीदी किया गया है। एकीकृत सरगुजा के सभी पांच जिलों में पंजीकृत 219841 किसानों में से मात्र 47101 किसान 2538162 क्विंटल धान बेच सके है। पिछले वर्ष इस अवधि में 67438 किसानों का 3272270 क्विंटल धान खरीदा गया था। पिछले वर्ष की तुलना में कम खरीदी होने के बावजूद उपार्जन केन्द्रों में निर्धारित क्षमता से काफी अधिक धान संग्रहित हो गया है। उपार्जन केंद्रों में कम जगह होने के कारण खरीदे गए धान को रखने की जगह नहीं बची है किसानों व समिति कर्मचारियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मार्कफेड ने राइसमिलरों के माध्यम से धान का उठाव शुरू करा दिया है लेकिन धान उठाव की रफ्तार धीमी होने के कारण समस्या बढ़ते जा रही है। इधर उपार्जित धान का उठाव नहीं होने के कारण अपेक्स बैंक एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधक मार्कफेड को शीघ्र धान का उठाव करने लगातार पत्र लिख रहा है। स्थिति से समिति प्रबंधक भी नाराज है तथा उठाव में विलम्ब होने पर सूखत की मात्रा बढ़ने की संभावना बता रहे हैं।

**पंजीयन के इंतजार में 3 हजार से अधिक किसान**

एकीकृत सरगुजा के 3163 किसानों का अभी तक एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं हो सका है। ऐसे किसान टोकन टोकन के लिए लगातार सहकारी समितियों एवं तहसील कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं। एग्रीस्टेक पंजीयन के अभाव में ऐसे किसानों को टोकन नहीं मिल पा रहा है। स्थिति से प्रभावित किसान हतोत्साहित हैं। किसानों का कहना है कि लगातार कार्यालयों का चक्कर लगाने के बावजूद उनका पंजीयन नहीं हो सका है। ऐसे में किसान अपना धान बेचने को लेकर परेशान हैं। जल्द पंजीयन नहीं हुआ तो इन किसानों को अपनी उपज बेचने में समस्या हो सकती है।

**किया जा रहा पत्राचार**

समय पर धान का उठाव नहीं होने से भविष्य में खरीदी प्रभावित हो सकती है। स्टॉक अधिक होने के कारण समितियों में धान रखने की जगह नहीं बची है। धान उठाव के लिए मार्कफेड से लगातार पत्राचार किया जा रहा है।

-बालकृष्ण प्रताप सिंह
विपणन अधिकारी, को-ऑपरेटिव बैंक

## कल्याणपुर गांव में हिंदू महासंगम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



हिंदू जन जागरण समिति मंडल कल्याणपुर के तत्वाधान में हिंदू महासंगम का आयोजन शिव मंदिर मैदान कल्याणपुर में आयोजित किया गया,संघ के शताब्दी वर्ष पूरा होने के अवसर पर मंडल स्तर हिंदू महासंगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है,आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में समरसता स्थापित कर हिन्दुओं को एकजुट करना है,हिंदू महासंगम कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया,कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला कार्यवाह विजय शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में समाज के द्वारा हिंदू महासंगम का आयोजन हिंदू समाज में समरसता का भाव प्रकट करने व अपनी संस्कृति,परंपरा के प्रति गौरवान्वित करने का मुख्य उद्देश्य है, इस प्रकार के आयोजन देश के प्रत्येक मंडल,नगर बस्ती पर देखने को मिल रहा है,हिंदू धर्म जिसे हम सनातन धर्म के नाम से जानते हैं,परिवर्तन के पांच बिंदु सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण,कुटुंब प्रबोधन,स्व आधारित जीवन एवं नागरिक कर्तव्य बोध को समाज अपने जीवन में आत्मसात करें,समिति के अध्यक्ष डॉ संतोष प्रधान ने अपने वक्तव्य में कहा कि हिंदू समाज को सारे भेद भूलकर मूल हिंदुत्व की भावना को जीवन में धारण करना होगा,अतिथि रूप में आये डॉ ओमप्रकाश सिन्हा ने अपने वक्तव्य में कहा कि धर्म का शाब्दिक अर्थ धारण करना होता है,जैसे श्री राम जी ने आदर्श,मर्यादा को धारण किया इसी प्रकार समाज को भी ऐसा जीवन को धारण करना चाहिए,कार्यक्रम में सभी समाज के प्रमुखो,मंदिर पुजारी, गांव के बैगाओ को समिति ने आमंत्रित कर शॉल,श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया,जिसमें जायसवाल समाज से मुरारी जायसवाल, गुप्ता समाज से संजय गुप्ता,कोलता समाज से दुष्टी देव, कंवर समाज से पवन साय पैकरा,गोंड़ समाज से विश्वनाथ सिंह,बरगाह समाज से साजनाथ,कुम्हार समाज से लक्ष्मण प्रजापति,ब्राह्मण समाज से इंद्रदेव शुक्ला, यादव समाज से मोहर लाल यादव,नाई समाज से देवचन्द ठाकुर,सुनार समाज से जगदीश सोनी,लोहार समाज से जगरनाथ अगरिया, वसोर समाज से अवल साय,चिकवा समाज से बंटेश्वर चौहान,कसेर समाज से जोखु कांस्यकार,पंडो समाज से रुप प्रसाद पंडो,गायत्री परिवार से मनीराम भोय,मंदिर पुजारी बसंत राम राजवाड़े,वैद्य जगदीश सिंह एवं अन्य समाज के लोग भी उपस्थित रहे, सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में कर्मा लोक नृत्य एवं सुआ लोक नृत्य के अलग-अलग दल ने अपना जोरदार प्रदर्शन किया जो पूरे कार्यक्रम का आकर्षण का केंद्र रह,अंतिम में इन्हें सम्मान हेतु सम्मान निधि के साथ स्मृति चिन्ह भेंट किया गया,मंच का संचालन खुलेश्वर राजवाडे. ने किया, कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु समिति के अमरनाथ पैकरा, विजय जायसवाल, ठाकुर पैकरा, दशरथ राजवाड़े, शिशुपाल, विनोद वैष्णव, संतोष गुप्ता, दीपेंद्र दुबे, विनोद जायसवाल, उपेंद्र,बाबूलाल शाह, ननकू राजवाड़े, धन कुमार पैकरा, ईश्वर सिंह, हीराधन राजवाड़े एवं अन्य सक्रिय रहे।

### युवा गौ भक्तों ने पेश की गौ सेवा की अनुकरणीय मिसाल

**रामानुजगंज।** नगर में युवा गौ भक्तों द्वारा की जा रही गौ सेवा इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। बीते 15 दिनों से रेस्ट हाउस रोड स्थित अभिषेक जायसवाल के निवास के सामने एक गाय गंभीर रूप से बीमार अवस्था में बैठी हुई थी। कमजोर हालत के कारण वह खड़ी होने में असमर्थ थी। इसी दौरान बीमार गाय ने एक बछड़े को जन्म दिया, जिससे उसकी स्थिति और भी चिंताजनक हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, गाय की हालत को देखते हुए मोहल्ले के लोगों ने तत्काल उसकी देखरेख शुरू की। युवा गौ भक्त बिट्टू चौबे ने नवजात बछड़े की सेवा और देखभाल की जिम्मेदारी संभाली। बछड़े को नियमित रूप से दूध, चारा और आवश्यक देखरेख दी जा रही है, परंतु उसके समय से पूर्व जन्म लेने कारण काफी कमजोर जिससे उसकी मौत हो गई। बीमार गाय का उपचार स्थानीय स्तर पर कराया गया। कई दिनों तक इलाज के बावजूद जब गाय खड़ी नहीं हो सकी। जिस पर मोहल्ले के युवाओं ने बांस का सहारे गाय को खड़ा रखने की व्यवस्था की। इस नवाचार से गाय को कुछ राहत मिली है और उसका इलाज लगातार जारी है। मोहल्ले के लोग भी अपनी-अपनी ओर से चारा, पानी और दवाइयों की व्यवस्था कर रहे हैं।

## ईसा मसीह की झांकी के साथ मसीही समाज ने निकाला विशाल जुलूस, किया नगर भ्रमण



**सीतापुर।** ईसाई आदिवासी समाज के नेतृत्व में मसीही समाज ने ईसा मसीह की झांकी के साथ विशाल जुलूस निकाला। आतिशबाजी एवं गाजे बाजे के साथ केन मेमोरियल स्कूल सूर ने निकली यह शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए सीतापुर पहुंची जहां नगर के मुख्य चौक चौराहों के साथ नगर का भ्रमण करते हुए शोभायात्रा वापस सूर जाकर समाप्त हुई। इस संबंध में ईसाई आदिवासी महासभा के अध्यक्ष बिगन राम ने बताया कि यह आयोजन विधानसभा स्तरीय था। इस आयोजन का उद्देश्य ईसा मसीह के जन्मदिन से पूर्व एक दूसरे के साथ मिलकर खुशियां मनाने का था। इस कार्यक्रम में पूरे विधानसभा क्षेत्र से सभी चर्च के अनुयायी आये हुए थे। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे के साथ मिलकर क्रिसमस की बधाई दी। इस दौरान पूरे विधानसभा क्षेत्र से काफी संख्या में मसीही समाज के लोग मौजूद थे।

## पहाड़गांव को पर्यटन स्थल बनाने न्यायाधीश व प्रशासनिक टीम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- मूलभुत सुविधाओं का आंकलन कर पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध करने विभागीय अधिकारीयों को दिए गये आवश्यक निर्देश



जिले में पर्यटन की असीम संभावनाओं को साकार करने के उद्देश्य से प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सूरजपुर मानवेंद्र सिंह, कलेक्टर एस जयवर्धन, एसएसपी प्रशांत ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र पाटले ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पहाड़गांव का गुरुवार को निरीक्षण किया, यह दौरा केवल निरीक्षण नहीं, बल्कि क्षेत्र को आर्थिक और पर्यटन दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक दूरदर्शी पहल माना जा रहा है, निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र की हरियाली,पहाड़ों से घिरी प्राकृतिक संरचना और बीचो-बीच स्थित मनोहारी झील का अवलोकन किया, अधिकारियों ने माना कि पहाड़गांव में मौजूद प्राकृतिक संसाधन,शांत वातावरण और सुंदर दृश्यावलियां पर्यटकों को सहज ही अपनी ओर आकर्षित करने की क्षमता रखती हैं,यदि इन संसाधनों का सुनियोजित विकास किया जाए तो यह क्षेत्र आने वाले समय में जिले का प्रमुख पर्यटन केंद्र बन सकता है,कलेक्टर एस जयवर्धन ने हाल ही में शुरू की गई नौका विहार सुविधा का विशेष रूप से निरीक्षण किया,उन्होंने इसे पहाड़गांव पर्यटन स्थित झील में बोटिंग की सुविधा बच्चों, युवाओं और परिवारों के लिए आकर्षण का केंद्र बताया,कलेक्टर ने स्थानीय नागरिकों और अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए इस स्थल को एक सुव्यवस्थित पिकनिक स्पॉट,नेचर पार्क और वीकेंड टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के सुझाव दिए,निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अमले ने स्थल तक पहुंचने वाली सड़कों,पार्किंग व्यवस्था रोशनी, सुरक्षा,स्वच्छता और पर्यटकों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से मूल्यांकन किया,अधिकारियों ने माना कि सड़क मार्ग को और बेहतर बनाकर,संकेतक बोर्ड, बैठने की व्यवस्था,स्वच्छ शौचालय और जलपान गृह जैसी सुविधाएं विकसित की जाएं,तो पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है,एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने सुरक्षा व्यवस्था,यातायात नियंत्रण और पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए,उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थल पर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था और ट्रैफिक मैनेजमेंट होने से पर्यटकों को सुरक्षित और सुखद अनुभव मिलेगा,उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास से स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिससे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी,निरीक्षण दल में पर्यटन विभाग के अधिकारी, स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी और अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे,सभी ने मिलकर पहाड़गांव को एक आदर्श पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर विचार-विमर्श किया,उन्होंने कहा कि प्रशासन की मंशा है कि पहाड़गांव न केवल सूरजपुर जिले बल्कि पूरे सरगुजा संभाग के लिए एक प्रमुख पर्यटन आकर्षण के रूप में उभरे,निरीक्षण के बाद यह संकेत मिल रहे हैं कि आने वाले समय में पहाड़गांव में पर्यटन विकास को लेकर ठोस और दूरगामी निर्णय लिए जाएंगे।



## आवारा कुत्तों से बढ़ते रैबीज के खतरे पर जिला प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर के निर्देशन एवं जिपं सीईओ के मार्गदर्शन में उप-संचालक एवं जनपद सीईओ द्वारा जिले के सभी छह जनपद पंचायतों में घुमंतू कुत्तों के कारण बढ़ते रेबीज के खतरे को रोकना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में अधिकारियों को स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। एसओपी के पालन पर जोर देते हुए मुख्य उद्देश्य घुमंतू कुत्तों के कारण बढ़ते रेबीज के खतरे को रोकना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई । कार्यशाला के दौरान चिन्हित परिसरों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे अपने क्षेत्रों में कड़ाई से पालन करें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यशाला में जनपद स्तर के अधिकारी, पंचायत सचिव, प्रतिनिधि और संबंधित पशुधन विकास विभाग के अधिकारी के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### नगर के घुमंतू कुत्तों का किया गया रैबीज टीकाकरण

**लखनपुर।** नगर पंचायत में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या एवं रेबीज रोग की रोकथाम के उद्देश्य से पशु चिकित्सालय लखनपुर में आवारा कुत्तों का बधियाकरण एवं रेबीज टीकाकरण अभियान चलाया गया। इस अभियान में भोजन उपलब्ध कराने वाले नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। इस दौरान डॉ. सफदर अली खान एवं उनकी टीम द्वारा 3 नर एवं 1 मादा कुत्तों की बधियाकरण की गई। सर्जरी के पश्चात सभी कुत्तों को रेबीज का टीका एवं कृमिनाशक दवा दी गई। पहचान सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक कुत्ते के दाएं कान पर वी आकार का निशान बनाया गया। बधियाकरण के बाद कुत्तों की देखभाल हेतु भोजन उपलब्ध कराने वाले व्यक्तियों को 4 दिनों की दवाइयां प्रदान की गईं। नगर पंचायत एवं पशु चिकित्सालय की टीम द्वारा कुत्तों की निरंतर निगरानी भी की जा रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी विद्यासागर चौधरी ने बताया कि भविष्य में नगर पंचायत द्वारा केयर शेल्टर भवन तथा पशु चिकित्सालय में ऑपरेशन थिएटर का निर्माण किया जाएगा। पशु चिकित्सक डॉ. सफदर अली खान ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करना, रेबीज रोग की रोकथाम तथा कुत्तों के काटने की घटनाओं में कमी लाना है, जिससे नगर पंचायत क्षेत्र में लोग एवं पशु दोनों सुरक्षित रह सकें।



## नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में आसिफ ने हासिल की सफलता




**अंबिकापुर।** नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में सरगुजा के आसिल अली ने बड़ी सफलता हासिल की है। आसिफ ने रीनोउंड शूटर का खिताब हासिल किया है। बता दें कि नेशनल रायफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा मध्यप्रदेश के भोपाल में 11 से 31 दिसम्बर तक 68वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के दौरान 50 मीटर पीप साइट रायफल मेन वर्ग में आसिफ अली ने 600 में 596 अंक लाकर रीनोउंड शूटर का खिताब हासिल किया है। बहुत ही कम संसाधन होते हुए सरगुजा से आसिफ अली ने यह उपलब्धि प्राप्त किया है। खिताब जीतने के बाद आसिफ अली ने कहा कहा कि अगर हमें प्रशासन से सहयोग प्राप्त हो तो हम अपने जिला, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करना चाहते हैं हमारी प्राथमिक मांग प्रशासन से है कि हमें शूटिंग रेंज की व्यवस्था प्रदान की जाए।

## एथलेटिक प्रतियोगिता में अर्चना ने प्रदेश में हासिल किया पहला स्थान



**सीतापुर।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता में शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय की छात्रा अर्चना तिग्गा ने तवा फेंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अर्चना ने एथलेटिक में प्रथम स्थान हासिल करते हुए महाविद्यालय समेत क्षेत्र का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके टोप्पो ने इस उपलब्धि के लिए अर्चना को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है। अर्चना ने यह उपलब्धि अपने अथक परिश्रम कड़ी मेहनत एवं कुशल मार्गदर्शन के बदौलत हासिल की है। क्रीड़ा अधिकारी धीरज मिश्रा ने बताया कि इस सफलता के पीछे अर्चना ने अनुशासित होकर कड़ी मेहनत की थी जिसका परिणाम उसे प्रदेश में पहला स्थान के रूप में प्राप्त हुआ। अर्चना की यह उपलब्धि अन्य छात्रों को भी अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करेगी।

## 15वें वित्त की जिला विकास निधि का भुगतान अटका, सरपंचों में आक्रोश

**प्रतापपुर।** विकासखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में 15वें वित्त आयोग की जिला विकास निधि मद से स्वीकृत कार्यों का भुगतान करीब दो वर्षों से लंबित होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में सरपंचों व जनप्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ शासन के योजना आयोग अध्यक्ष रामसेवक पैकरा को पत्र लिखकर लंबित भुगतान शीघ्र कराने की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि संबंधित पंचायतों द्वारा नियमानुसार कार्य पूर्ण कर पूर्णता प्रमाण पत्र एक वर्ष पूर्व ही जिला पंचायत में जमा कर दिया गया था, बावजूद इसके आज तक भुगतान नहीं किया गया है। इससे पंचायत प्रतिनिधियों को आर्थिक और प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिन कार्यों का भुगतान लंबित बताया गया है, उनमें ग्राम पंचायत बरपटिया में सतीकोनहा बांध का गहरीकरण, बनखेता तालाब का गहरीकरण, बरदोहर तालाब की साफ-सफाई शामिल है।



# डकैत का टीजर रिलीज, अनुराग का दिखा दमदार अंदाज

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर और आदिवी शेष स्टारर मच अवेटेड 'डकैत' का टीजर गुरुवार रिलीज हो गया है। अभी ये टीजर सिर्फ 'तेलुगु' में रिलीज किया गया है। यानी हिंदी दर्शकों को अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। 1 मिनट 31 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत आदिवी शेष से होती है। टीजर में पहले लव स्टोरी देखने को मिलती है, जो धीरे-धीरे एक्शन पर पहुंच जाती है। टीजर में आदिवी शेष लवर बॉय से लेकर एक्शन हीरो तक के अवतार में दिखते हैं। इसके अलावा टीजर में फिल्म की बाकी कास्ट अनुराग कश्यप, प्रकाश राज और अतुल कुलकर्णी की भी झलक दिखती है। टीजर का अंत अनुराग कश्यप पर होता है, जो फिल्म में निगेटिव रोल में नजर आएंगे।

लाइफ Style

# श्रीलीला

## फर्जी एआई फोटोज पर जताई दुख और चिंता

साउथ सिनेमा की बेहद खूबसूरत और टैलेंटेड एक्ट्रेस श्रीलीला अपने फर्जी और अश्लील एआई तस्वीरों से परेशान हैं। वह घटिया तस्वीरों के सोशल मीडिया पर वायरल होने से बेहद दुखी हैं और उन्होंने एक चिंता जताने वाला पोस्ट शेयर किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस ने यह भी जानकारी दी है कि उन्होंने इस बाबत पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेलेब्स के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। बीते में रश्मिका मंदाना से लेकर कीर्ति सुरेश तक, अपने डीपफेक अश्लील फोटो, वीडियो को लेकर परेशान रही हैं। अब 'गुंटूर करम' और 'पुष्पा 2' फेम श्रीलाला के इस पोस्ट को देख उनके फैंस भी चिंता में डूब गए हैं। अमेरिका के एक तेलुगू परिवार में पैदा हुईं 24 साल की श्रीलाला ने इंस्टाग्राम पर एक लंबा चौड़ा नोट शेयर किया है। वह बताती हैं कि एआई से बनी उनकी तस्वीरों ने उन्हें कितना परेशान और दुखी किया है। एमबीबीएस की पढ़ाई कर चुकी श्रीलीला ने लिखा है कि जैसे ही उन्हें इस मामले के बारे में पता चला, उन्होंने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है। श्रीलीला ने अपने नोट में फैंस और फॉलोअर्स से एआी को सपोर्ट न करने की रिक्वेस्ट की है। वह लिखती हैं, 'मैं हाथ जोड़कर हर सोशल मीडिया यूजर से रिक्वेस्ट करती हूं कि एआई से बनी बकवास को सपोर्ट न करें। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने और उसका गलत इस्तेमाल करने में फर्क होता है। मेरी राय में टेक्नोलॉजी में तरक्की जिंदगी को आसान बनाने के लिए होती है, न कि उसे मुश्किल बनाने के लिए।'



हॉलीवुड मसाला




# पेरिस से निकलकर पहुंची रोम

**मुंबई।** भारत में नेटफ्लिक्स पर सीरीज 'एमिली इन पेरिस' का पांचवा सीजन रिलीज हो गया है। इस बार एमिली कूपर की जिंदगी पहले से कहीं ज्यादा उलझ चुकी है। प्यार, कॅरियर और पहचान की तलाश- इन सबके बीच एमिली का सफर अब सिर्फ पेरिस तक सीमित नहीं रहा। इस नए सीजन में एमिली कूपर की कहानी एक नए मोड़ पर पहुंचती है। पेरिस की ग्लैमरस दुनिया से निकलकर वह रोम पहुंचती है, जहां उसे एजेंस ग्रातो के रोम ऑफिस में एक अहम जिम्मेदारी सौंपी जाती है।




# अवतार : फायर एंड ऐश में शानदार विजुअल्स...

**मुंबई।** 'अवतारः फायर एंड ऐश' जेम्स कैमरून की अवतार सीरीज तीसरी फिल्म है, इससे पहले 'अवतार' (2009) और 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' (2022) को ऑडियंस का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। इस फिल्म को लेकर लोगों में काफी उम्मीदें थीं, क्योंकि अवतार का नाम आते ही बड़ी फिल्म, नई दुनिया और शानदार तकनीक का ख्याल आता है। फिल्म का स्केल बहुत बड़ा है और यह देखने में भी काफी महंगी और भव्य लगती है। लेकिन, पूरी फिल्म देखने के बाद ऐसा लगता है कि तकनीक और विजुअल्स के अलावा बाकी चीजों पर उतना ध्यान नहीं दिया गया। फिल्म का स्क्रीनप्ले काफी फैला हुआ है। कई सीन ऐसे हैं जिनसे कहानी में कोई खास फर्क नहीं पड़ता। कुछ जगह फिल्म बहुत धीमी लगती है ...कुछ जगह अचानक तेज हो जाती है। अगर फिल्म को छोटा किया जाता और गैर-जरूरी सीन हटा दिए जाते, तो शायद कहानी अच्छी बन सकती थी।



# देओल परिवार ने हेमा को कर दिया साइडलाइन

**मुंबई।** धर्मेंद्र की प्रेयर मीट में हेमा मालिनी क्यों नहीं गई थीं? इस सवाल का कॉलमनिस्ट और राइटर शोभा डे ने जवाब दिया है। उन्होंने हाल ही में दिए इंटरव्यू में यह दावा किया है कि दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र की मौत के बाद उनके परिवार ने हेमा मालिनी को पूरी तरह से किनारे कर दिया था, इसलिए वह धर्मेंद्र की प्रेयर मीट में नहीं गई थीं। एक इंटरव्यू में शोभा डे ने दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र के दोनों परिवार के रिश्तों पर बात की। उन्होंने कहा, 'देओल परिवार ने हेमा को पूरी तरह अलग-थलग कर दिया, उन्होंने उन्हें उनसे दूर कर दिया, जिसके साथ उन्होंने अपनी जिंदगी के 45 साल बिताए थे। उन्हें बहुत दुख हुआ होगा, लेकिन उन्होंने यह सब अपने अंदर रखा। उन्होंने जिस तरह से संभाला और जब उन्होंने कोई पब्लिक फंक्शन किया, तो मुझे लगा कि उन्होंने इसे बहुत गरिमा के साथ किया।



# कार्तिक-अनन्या की जमी जोड़ी...

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का ट्रेलर अंततः गुरुवार को रिलीज हो गया है। फिल्म की रिलीज से सिर्फ एक हफ्ते पहले मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर जारी किया है। ट्रेलर की शुरुआत कार्तिक के साथ होती है, जिसमें वो कहते हैं कि बीते कल और आने वाले भविष्य की छोड़कर सिर्फ वर्तमान में जीना चाहिए। जो मौजूदा वक्त में आपके पास है, उस पल का आनंद लो। इसके बाद ट्रेलर में अनन्या की एंट्री होती है, जो फिल्म में एक लेखक बनी हैं। 3 मिनट 21 सेकंड के इस ट्रेलर में कुछ भी नया देखने को नहीं मिलता है। कार्तिक लड़की को इंप्रेस करने के लिए क्रीपी पंच लाइन मारते हैं। ट्रेलर में विदेशों की अच्छी-अच्छी लोकेशन जरूर भाती हैं। बाकी सबकुछ आपको पहले की फिल्मों में देखा हुआ लगेगा।

टीवी मसाला



# अनुपमा को लगा झटका, नंबर एक पर बिग बॉस ने बनाई जगह

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते की तरह ही इस हफ्ते के टॉप 10 हिंदी सीरियल्स की लिस्ट जारी कर दी गई है। ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल ने 18 दिसंबर को टॉप 10 हिंदी सीरियल्स की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में बड़ा बदलाव हुआ है। पिछले काफी हफ्तों से नंबर 1 पर रहा अनुपमा इस हफ्ते नंबर 2 पर आ गया है। पहले नंबर बिग बॉस ने जगह बना ली है। अनुपमा और बाकी सीरियल्स को पछाड़ कर बिग बॉस ने नंबर 1 पर जगह बनाई है। बिग बॉस की टीआरपी 2.2 रिकॉर्ड की गई है। बता दें, हाल ही में बिग बॉस 19 का फिनाले हुआ था और गौरव खन्ना इस सीजन के विनर हैं। पिछले कई हफ्तों से नंबर 1 पर रहने वाला अनुपमा इस हफ्ते नंबर दो पर आ गया है। अनुपमा की टीआरपी 2.1 रिकॉर्ड की गई है। पिछले हफ्ते भी शो की टीआरपी 2.1 थी। क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2: लिस्ट में तीसरे नंबर पर स्टार प्लस का सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 है। शो की टीआरपी 2 रिकॉर्ड की गई है। पिछले हफ्ते शो की टीआरपी 1.9 थी। लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट: लिस्ट में चौथे नंबर पर कलर्स का रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड है। शो की टीआरपी 1.9 रिकॉर्ड की गई है। तुम से तुम तक: लिस्ट में 5वें नंबर पर शो तुम से तुम तक है। पिछले हफ्ते भी ये शो नंबर पांच पर था। इस हफ्ते शो की टीआरपी 1.9 रिकॉर्ड की गाई है। लिस्ट में छठे नंबर पर उड़ने की आशा-सपनों का सफर है। शो की टीआरपी 1.8 रिकॉर्ड की गई है। लिस्ट में 7वें नंबर पर तारक मेहता का उल्टा चश्मा है। शो की टीआरपी 1.8 रिकॉर्ड की गई है। लिस्ट में 8वें नंबर पर गंगा मां की बेटियां है। शो की टीआरपी 1.8 है। 9वें नंबर पर शो वसुधा है। वसुधा की टीआरपी1.8 रिकॉर्ड की गई है। 10वें नंबर पर शो ये रिश्ता क्या कहलाता है। शो की टीआरपी 1.7 रिकॉर्ड की गई है।

## पायल गेमिंग के सपोर्ट में आईं अंजलि

**नई दिल्ली।** इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबर पायल गेमिंग इन दिनों कथित एमएमएस के चलते सुर्खियों में हैं। बताया जाता है कि वायरल एमएमएस वीडियो में पायल गेमिंग हैं। हालांकि, उन्होंने दावा किया है कि यह



एमएमएस उनका नहीं है। इस मामले पर अब एक्ट्रेस अंजलि अरोड़ा की प्रतिक्रिया सामने आई है। अंजलि अरोड़ा ने अपने साथ हुए इसी तरह के एक मामले को याद किया है। उनके मुताबिक ऐसे झूठ का दर्द लड़कियां वर्षों तक झेलती हैं, जबकि इसे फैलाने वाले इसके बारे में नहीं सोचते हैं। पायल गेमिंग के मामले को लेकर अंजलि अरोड़ा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की है। उन्होंने लिखा 'तीन साल पहले मैंने एक फेक एमएमएस वायरल होने का दर्द झेला था। वही चीजें आज पायल के साथ होता देख वह दर्द ताजा हो गया है। लोगों को एहसास नहीं कि उनकी प्रतिक्रिया कितनी नुकसान पहुंचाती है।

# 2026 में आने वाली इन फिल्मों का बजट है भारी भरकम....

*नई दिल्ली। साल 2026 हिंदी सिनेमा के लिए खास होने वाला है। कई बड़े बजट की फिल्में थिएटर पर दस्तक देने के लिए तैयार हैं। रणबीर कपूर, सनी देओल, शाहरुख खान, सलमान खान अपनी फिल्मों से धमाका करने वाले हैं। फिल्मों का क्लैश होने वाला है। लेकिन, क्या आप जानते हैं अगले साल आने वाली इन बड़ी फिल्मों का बजट क्या है? इन फिल्मों का बजट जानने के बाद आपका सिर चकरा जाएगा। ऐसे में सवाल ये है कि करोड़ों की ये फिल्में बॉक्स ऑफिस कमाई से अपना बजट निकाल पाएंगी या नहीं।*

***बॉर्डर 2*** : सनी देओल अपनी फिल्म बॉर्डर का दूसरा पार्ट लेकर आ रहे हैं। हाल में फिल्म का टीजर सामने आया था जिसमें वरुण धवन, अहान पांडे और दिलजीत दोसांझ जैसे एक्टर्स को दुश्मनों से जंग लड़ते देखा जा सकता है। फिल्म 23 जनवरी को रिलीज हो रही है। इस फिल्म को 150 करोड़ के मोटे बजट में बनाया गया है। उम्मीद है ये फिल्म अपना बजट वसूलने में कामयाब होगी।

***लव एंड वॉर*** : विक्की कौशल, आलिया भट्ट, और रणबीर कपूर की फिल्म लव एंड वॉर भी खबरों में बनी हुई है। ये लव ट्रायंगल बेस्ड फिल्म संजय लीला भंसाली ने डायरेक्ट की है। रिपोर्ट के मुताबिक ये फिल्म 14 अगस्त 2026 को रिलीज होगी। इसे 200 करोड़ के बजट में बनाया जा रहा है।

***किंग*** : शाहरुख खान अपनी बेटी सुहाना खान के साथ एक एक्शन फिल्म में नजर आने वाले हैं। फिल्म का डायरेक्शन सिद्धार्थ आनंद ने किया है। किंग की स्टारकास्ट हैरान करने वाली है। फिल्म में रानी मुखर्जी, दीपिका पादुकोण, अरशद वारसी, बॉबी देओल समेत कई बड़े एक्टर्स नजर आने वाले हैं। सुहाना खान अहम किरदार में होंगी। रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म



को 300 करोड़ से ज्यादा के बजट में बनाया जा रहा है। अगले साल दिवाली के मौके पर फिल्म दस्तक दे सकती है।

***रामायण*** : रणबीर कपूर, साई पल्लवी स्टारर फिल्म रामायण अभी तक की सबसे महंगी फिल्म बताई जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के दोनों पाट्र्स पर 1600 करोड़ खर्च हो रहे हैं। लेकिन प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने कन्फर्म किया है कि रामायण के दोनों भागों पर 4000 करोड़ खर्च हो रहे हैं। मलतब ये फिल्म हॉलीवुड से भी महंगी फिल्म होने वाली है।

***धुरंधर 2*** : धुरंधर का पहला भाग इस समय बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर रहा है। फिल्म करीब 500 करोड़ तक पहुंच गई है। अब दूसरे पार्ट का इंतजार हो रहा है। रिपोर्ट की मानें तो धुरंधर का दूसरा भाग 200 से 250 करोड़ तक के बजट में बनाया गया है।

# 2025 में किसी मूवी ने आहत की धार्मिक भावना तो किसी की रिलीज पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** साल 2025 खत्म होने की कगार पर पहुंच चुका है। इस वर्ष कुछ फिल्में कहानी को लेकर तो कुछ इतिहास से छेड़छाड़ या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोपों को लेकर विवादों में रही हैं। कुछ फिल्मों पर तो कई एफआईआर भी दर्ज हुई हैं। आज हम आपको साल 2025 की विवादों में रहने वाली 10 फिल्मों के नाम बताते हैं।

***इमरजेंसी*** : कंगना रनौत निर्देशित और अभिनीत फिल्म 'इमरजेंसी' 17 जनवरी को रिलीज हुई। साल 1975 की इमरजेंसी पर आधारित फिल्म में कंगना इंदिरा गांधी के किरदार में थीं। रिलीज से पहले ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़ के आरोप लगे। सिख संगठनों सहित कई संगठनों ने विरोध किया। फिर भी फिल्म रिलीज हुई, कंगना के अभिनय की तारीफ हुई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर कमाल दिखाने में सफल नहीं रही।

***छावा*** : विक्की कौशल स्टारर 'छावा' 14 फरवरी को सिनेमाघरों में आई। छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता पर आधारित यह फिल्म ट्रेलर रिलीज से ही विवादों में घिर गई थी। एक गाने में संभाजी का डांस करना और ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़ के आरोप लगे। महाराष्ट्र के मंत्रियों और संगठनों ने विरोध किया। मेकर्स ने विवादित डांस सीक्वेंस हटा दिया, लेकिन बहस जारी रही।

***जाट***: सनी देओल और रणदीप हुड्डा की एक्शन फिल्म 'जाट' 10 अप्रैल को रिलीज हुई। एक चर्च सीन को लेकर ईसाई समुदाय नाराज हुआ, जिसमें धार्मिक भावनाएं आहत करने का



आरोप भी लगा। फिल्म के सीन को लेकर शिकायत दर्ज हुई और विरोध के बाद मेकर्स ने विवादित सीन हटा दिया।

***फुले*** : प्रतीक गांधी और पत्रलेखा स्टारर 'फुले' 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले की बायोपिक में ब्राह्मण समुदाय को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगा। नाराज ब्राह्मण संगठनों ने विरोध किया, रिलीज टली और सेंसर बोर्ड ने कई कट्स लगाए।

***हरि हर वीरा मल्लू*** : पवन कल्याण की 'हरि हर वीरा मल्लू' में मुदिराज समुदाय ने किरदार को लोक नायक से मिलता-जुलता बताकर विरोध जताया। फिल्म काल्पनिक बताई गई, लेकिन बहुजन ग्रुप्स ने ऐतिहासिक विरासत से छेड़छाड़ का आरोप लगाया। फिल्म 24 जुलाई को सिनेमाघरों में उतरी।

## 'मेरा मन तेरा प्यासा' को भी हॉलीवुड फिल्म में मिल चुकी है जगह

# जब हॉलीवुड फिल्मों में यूज हुए बॉलीवुड के गाने, वो भी हो गए थे दीवाने

**मेरा जूता है जापानी (डेडपूल 2026)** : पॉपुलर हॉलीवुड फिल्म डेडपूल फरवरी 2016 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में श्री 420 के पॉपुलर गाने को जगह मिली। यह गाना मेरा जूता है जापानी है। यह गाना हॉलीवुड फिल्म में था, जिसे फैंस ने काफी पसंद किया।


**छइयां-छइयां (इनसाइड मैन 2005)** : शाहरुख खान का गाना छइयां-छइयां भला किसे नहीं याद होगा या फिर पसंद होगा। यह गाना ब्लॉकबस्टर हिट रहा है और अभी तक कई रील्स में सुनने को मिल जाता है। इस गाने का भी इस्तेमाल हॉलीवुड में किया गया है। इसे साल 2005 में आई इनसाइड मैन फिल्म में फीचर किया गया था।

**छम्मा-छम्मा (मौलिन रूज 2001)** : छम्मा-छम्मा भी बॉलीवुड का ऐसा गाना है, जिसे आज तक फैंस पसंद करते हैं और गुनगुनाते रहते हैं। यह गाना चाइना गेट मूवी का है। इसे हॉलीवुड की फिल्म मौलिन रूज में इस्तेमाल किया गया। यह फिल्म साल 2001 में रिलीज हुई थी।

**मेरा मन तेरा प्यासा, वादा न तोड़ (इटरनल सनशाइन ऑफ द स्पॉटलेस माइंड 2004)** : मोहम्मद रफी के गाने किसे नहीं पसंद होते हैं। उनके गाने मेरा मन तेरा प्यासा को भी हॉलीवुड फिल्म में जगह मिल चुकी है। यह गाना साल 2004 में रिलीज हुई इटरनल सनशाइन ऑफ द स्पॉटलेस माइंड में बजता हुआ सुनाई दे चुका है।

**बॉम्बे थीम (लॉर्ड ऑफ वॉर 2005)** : बॉम्बे फिल्म के थीम सॉन्ग को एआर रहमान ने तैयार किया है। इसकी धुन का इस्तेमाल 2005 में आई लॉर्ड ऑफ वॉर में किया जा चुका है।

*नई दिल्ली। अभी तक बॉलीवुड पर यही आरोप लगते रहे हैं कि उसने कभी म्यूजिक हॉलीवुड से कॉपी की तो किसी और इंडस्ट्री से। लेकिन क्या आपको पता है कि कई हॉलीवुड फिल्में ऐसी हैं, जिसमें बॉलीवुड के गानों का इस्तेमाल किया गया है।*



**लहरों की तरह यादें (शॉन ऑफ द डेड 2004)** : किशोर कुमार के गाने लहरों की तरह यादें किसे याद नहीं होगा। यह गाना भी बॉलीवुड इंडस्ट्री में काफी हिट रहा था। इस गाने को साल 2004 में ही आई हॉलीवुड फिल्म शॉन ऑफ द डेड में जगह मिली थी।

***मुंडियां तू बच के रही (द डिक्टेटर 2011)*** : *इस लिस्ट में एक पंजाबी गाना भी शामिल है। यह गाना मुंडियां तू बच के रही है, जिसे पॉपुलर हॉलीवुड मूवी द डिक्टेटर में जगह मिली थी। यह फिल्म साल 2011 में रिलीज हुई थी।*

***जान पहचान (घोस्ट वर्ल्ड 2001)*** : *पॉपुलर हिंदी सॉन्ग जान पहचान को भी हॉलीवुड मूवी में फीचर किया गया है। साल 2011 में रिलीज हुई हॉलीवुड मूवी घोस्ट वर्ल्ड के ओपनिंग सीन में जान पहचान सॉन्ग था।*

***छलका छलका रे (एक्सिडेंटल हस्बेंड 2008)*** : *साथिया बॉलीवुड इंडस्ट्री की शानदार फिल्मों में एक है। इसमें रानी मुखर्जी और विवेक ओबरॉय ने अपनी एक्टिंग से फैंस का दिल जीत लिया था। इसी में एक गाना था छलका छलका रे, इस गाने को साल 2008 में आई हॉलीवुड फिल्म एक्सीडेंटल हस्बेंड में फीचर किया गया था।*

## खबर संक्षेप

### भारतीय पनिका समाज की समीक्षा बैठक का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय पनिका समाज के समस्त सम्मानित सदस्य, वरिष्ठजन, माताएं बहने, महिला समिति एवं समस्त पदाधिकारी अध्यक्ष युवा समिति एवं समस्त पदाधिकारीगण सभी को सूचित किया जाता है कि 20 दिसंबर को 12 से संध्या 3 बजे तक स्थान पनिका सामाजिक भवन खोडरी बैकुंठपुर में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में सभी की उपस्थिति अनिवार्य है।

### आकाश बने युवा मोर्चा में प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य

**राजपुर।** जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल को युवा मोर्चा के प्रदेश टीम में विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया गया है।



आकाश अग्रवाल ने अपने राजनैतिक करियर की शुरुआत अभाविप से की थी। इसके साथ ही वे समाज सेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय रूप से काम कर रहे है। अशोक अग्रवाल कंबल वितरण एवं भंडारा आयोजनों के लिए क्षेत्र में विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं, जिसके चलते उन्हें लोग स्नेहपूर्वक कंबल और भंडारा मैन के नाम से जानते हैं। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र वासियों में हर्ष का माहौल है।

### मो. शमीम बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष

**कुसमी।** छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार भाजपा अल्पसंख्यक प्रदेशाध्यक्ष मो मखमूर इकबाल के सहमति एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के मार्गदर्शन में



कुसमी निवासी मो. शमीम को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मो. शमीम के जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर भाजपा पदाधिकारी सहित सामरी क्षेत्र वासियों में हर्ष व्याप्त है। जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर मो.शमीम ने कहा कि भाजपा संगठन ने जो मुझे अल्पसंख्यक मोर्चा में जिलाध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा है उसे पूरे निष्ठा पूर्वक ईमानदारी से निर्वहन करूंगा। भाजपा की नीति रीति एवं केंद्र, राज्य शासन द्वारा दी गई योजनाओं को धरातल तक ले जाकर जन जन तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा।

### विद्यार्थियों ने मैनपाट का किया भ्रमण

**अम्बिकापुर।** प्रेमनगर शासकीय नवीन महाविद्यालय के विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ के शिमला कहे जाने वाले मैनपाट का शैक्षणिक भौगोलिक भ्रमण कराया गया। महाविद्यालय के छात्रों ने मैनपाट के पर्यावरण, जीवन पद्धति, कृषि, संसाधन, और जलवायु से जुडे महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत हुए। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर से बाहर निकल कर मैनपाट के वास्तविक जीवन के अनुभव से जुड़ने का प्रयास किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने उल्टा पानी पॉइंट का सर्वे किया। जहां पर उन्होंने नीचे से ऊपर की ओर बहते पानी को देखकर आश्चर्यचकित हुए और इसका कारण जानने की उत्सुकता दिखाई।

### बरसात में कीचड़ से तो अब धूल व जर्जर सड़क ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

# 20 साल बाद भी नहीं हुई रजपुरी कला से कटकोना सड़क की मरम्मत

**हरिभूमि न्यूज : रजपुरीकला**

बारिश के बाद ग्राम पंचायत सिरकोतंगा की सड़क की हालत और भी दयनीय हो गई। बरसात के मौसम में जहां क्षेत्र के लोग कीचड़ से परेशान थे वहीं अब धूल व जर्जर सड़क से हलकान हो गए है। ऐसे में अब क्षेत्र के लोगों को आवागमन करना मुश्किल हो गया। हैरानी की बात तो यह है कि क्षेत्र के लोग पिछले लगभग 20 साल से सड़क मरम्मत कराने की मांग कर रहे है लेकिन आज तक लोगों को जर्जर सड़क से मुक्ति नहीं मिली है। आलम यह है कि क्षेत्र के ग्रामीण जर्जर सड़क से आवागमन करने को मजबूर है।

जनपद पंचायत लखनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरकोतंगा सड़क की हालत बारिश के बाद से और भी दयनीय हो गई। सड़क कटकोना से पुहपुटरा और रजपुरी कला से एनएच 130 पर जाकर मिलती है। लगभग 12 किलोमीटर सड़क को एसईसीएल द्वारा लगभग 20 वर्ष पूर्व बनाया गया था जो मरम्मत के अभाव में जर्जर हो चुकी है। सड़क निर्माण के कई साल बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं की गई है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों को हर मौसम में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात में बारिश होने पर सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है और जैसे ही बरसात खत्म होता है तो सड़क की हालत और भी खराब हो जाती है। सड़क के जर्जर तथा धूल के गुबार उड़ने से लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में स्कूल पढ़ने जाने वाले छात्र-छात्राओं को परेशानी होती ही है साथ ही क्षेत्र के लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि जनपद पंचायत लखनपुर के अंतर्गत अमेरा खदान क्षेत्र से कटकोना–पुहपूटरा–सिरकोतंगा –रजपुरी मार्ग एनएय 130 जोड़ने वाली मार्ग की बदहाली पिछले कई वर्षों से है।

सड़क की मरम्मत नहीं होने से ग्रामीणों के लिए गंभीर संकट बनी हुई है। वर्ष 2006–07 में एसईसीएल द्वारा अमेरा खदान संचालन के साथ ही इस सड़क का निर्माण कराया गया था। इसके बाद लगभग 20 वर्षों में आज तक दोबारा मरम्मत की गई जिससे सड़क की हालत दिनों दिन और भी खराब हो जा रही है। बारिश के दिनों में कीचड़ तो सूखा मौसम में धूल व जर्जर सड़क से आवागमन करने को मजबूर है।

### शिकायत के बाद भी जर्जर सड़क से क्षेत्र के लोगों को नहीं मिली मुक्ति



एनएच को जोड़ने वाली जर्जर सड़क।

#### जिम्मेदारी से झाड़ रहे पल्ला

ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क मरम्मत की जिम्मा एसईसीएल का है, लेकिन एसईसीएल प्रबंधन बार-बार कहने के बावजूद भी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। जब क्षेत्र के ग्रामीण ने प्रबंधन से संपर्क किया, तो उन्हें यह कहकर टाल दिया गया कि सड़क मरम्मत का मुद्दा सरकारी विभाग का है। जबकि प्रशासन इसे एसईसीएल की जिम्मेदारी बताकर खुद को अलग कर लेता है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों को समझ नहीं आ रहा है कि सड़क की मरम्मत कौन कराएगा।

#### सड़क नहीं बनी तो करेंगे आंदोलन

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण हुए 20 साल से अधिक हो गए है। न तो सड़क की मरम्मत हो सकी और न ही नए सिरे से सड़क निर्माण किया गया। ऐसे में सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो जाने के कारण बारिश का पानी एकत्र हो जाते है जिससे आने जाने में दिक्कत होती है। पूर्व में भी कई बार सड़क की समस्या को लेकर प्रशासन को अवगत करा चुके है परंतु आज तक सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी। जल्द ही सड़क मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में गांव के लोग आंदोलन करेंगे।

#### कलेक्टर की ओर से नहीं मिला है पत्र

सड़क मरम्मत कराने के संबंध में कलेक्टर की ओर से कोई लिखित पत्र नहीं मिला है।अगर लिखित पत्र आता है तो एसईसीएल के मरम्मत मद से त्वरित गति से रोड बनवाया जाएगा।

**-संजय सिंह**, जीएम अमेरा क्षेत्रीय प्रबंधक

#### अपने स्तर से कर रहे प्रयास

ग्राम पंचायत सिरकोतंगा मुख्य मार्ग के जर्जर होने पर अपने स्तर से कोशिश कर रहे है। जल्द ही सड़क की मरम्मत कराई जाएगी।

**-स्वेच्छा सिंह**, जनपद सीईओ लखनपुर

#### तीन गांव को जोड़ती है सड़क

यह सड़क न केवल तीन गांवों को जोड़ती है, बल्कि इस मार्ग से ही संभाग के नेताओं, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का आने जाने का मुख्य रूट है। ग्राम पंचायत सिरकोतगा व पूहपुटरा को आदर्श ग्राम घोषित किया गया था। इसके अलावा साप्ताहिक बाजार, ग्रामीण बैंक, हायर सेकेंडरी स्कूल और उप स्वास्थ्य केन्द्र होने के कारण बडी संख्या में लोग आवागमन करते है। ऐसे में सड़क की हालत जर्जर होने से लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## धान टोकन नहीं कटने की शिकायत कलेक्टर से



**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पटना के पंजीकृत किसानों ने कलेक्टर को धान का टोकन नहीं कटने व रकबा कम कर दिए जाने की शिकायत कर निराकरण की मांग की है। कलेक्टर को पटना समिति में पंजीकृत किसान कृष्णा सिंह, अशोक कुमार, बीरालाल, उमेश कुमार, समयलाल, हेमंत कुमार, बाबूलाल, मोहेलाल, आनंद राम, हरिप्रसाद, सुनील कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, राम कुमार, धर्मपाल, नंदकुमार, बली सिंह, मोहन सिंह, गणेश सिंह, रघुनाथ, सोमारसाय ने हस्ताक्षरित शिकायत में उल्लेख किया है कि हम सभी किसानों के द्वारा कई सालों से कृषि कार्य करते आ रहे हैं और इस वर्ष भी खेती की है और इस बार अच्छी फसल हुई है, लेकिन गिरदावरी में किसी किसान का सामान्य धान को त्रुटीवश सुगंधित धान का दर्जा कर दिया गया है तथा फसल विवरण में फसल का नाम दर्ज है, परंतु सोसायटी के टोकन में धान का रकबा काफी कम कर दिया गया है। इसी प्रकार हम किसान अपना धान को उक्त समिति में विक्रय करने के लिए टोकन कटाने जाते हैं तो टोकन नहीं काटा जाता है और समिति कर्मियों द्वारा कहा जाता है कि धान खरीदी का लिमिट काफी कम है। इस कारण टोकन नहीं काटा जा सकता। इस प्रकार हम किसानों का धान विक्रय करने का टोकन नहीं कटने से हम किसान अपना धान फसल को विक्रय करने से वंचित हो रहे हैं, इससे हम लोगों को आर्थिक क्षति हो रही है। कलेक्टर से मांग की गई है कि गिरदावरी के अनुसार धान विक्रय पंजीयन में धान का रकबा दर्ज कराते हुए धान विक्रय के लिए त्वरित टोकन कटवाने की पहल की मांग की।

## कृषि अधिकारी संघ ने उप संचालक कृषि से की मुलाकात



**हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़**

छग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के प्रांतीय कार्यालयीन सचिव एवं जिला अध्यक्ष एमसीबी दीपक कुमार साहू एवं उनकी नवीन जिला कार्यकारिणी ने उप संचालक कृषि जिला एमसीबी से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान संघ द्वारा जिला में कार्यरत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विकास अधिकारियों के अस्थायी से स्थायीकरण की मांग रखी गई। संघ ने कहा कि परिवीक्षा अवधि पूर्ण कर चुके अधिकारी शासन के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य कर रहे हैं, ऐसे में उनका स्थायीकरण न्यायोचित एवं आवश्यक है। श्री साहू ने बताया कि स्थायीकरण से अधिकारियों का मनोबल बढ़ेगा और किसानों को मिलने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। उप संचालक कृषि ने मांगों पर सकारात्मक विचार कर शासन स्तर पर भेजने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर प्रांतीय प्रतिनिधि एवं पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष नामदेव, जिला सचिव विकास चौरसिया, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार गुप्ता, विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के अध्यक्ष अमित सेन एवं अंशुल जायसवाल उपस्थित रहे।

## सरस्वती विकास विद्यालय वार्षिकोत्सव में निखरी प्रतिभाएं



**हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़**

शहर के मध्य स्थित सरस्वती विकास विद्यालय में सत्र 2025-26 के वार्षिकोत्सव का आज अत्यंत गरिमामय, अनुशासित एवं भव्य शुभारंभ हुआ। पूरे विद्यालय परिसर को आकर्षक सजावट, रंग-बिरंगे गुब्बारों एवं सांस्कृतिक प्रतीकों से सजाया गया था, इससे कार्यक्रम का वातावरण उल्लासपूर्ण और प्रेरणादायी बन गया।

वार्षिकोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ उनकी सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं रचनात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। नृत्य, संगीत, नाट्य मंचन और देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर संस्थान से जुड़े रतन कुमार अग्रवाल, बाबूलाल अग्रवाल, राजेन्द्र बोंदिया, सुंदरलाल दुग्गड़, प्रमोद पोद्दार, कमल केजरीवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष पूनम चंद्र अग्रवाल, सुशील बोदिया, सार्थक अग्रवाल, श्रीमती ऋतु बोंदिया तथा यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राजकुमार पाण्डेय, सेवा निवर्त शिक्षक कृष्णा शेकदार की विशेष उपस्थिति रही। इसके साथ ही काफी संख्या में अभिभावकगण एवं नगर के प्रबुद्ध नागरिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासित वातावरण और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरस्वती विकास विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, नैतिकता और सामाजिक दायित्व की भावना को विद्यार्थियों में विकसित करने का सराहनीय कार्य कर रहा है। अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय परिवार को निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## केवी में वार्षिक खेल दिवस कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर**




केन्द्रीय विद्यालय बैकुंठपुर का वार्षिक खेल दिवस कार्यक्रम 19 दिसंबर को जी.राजेन्द्र कुमार, जीएम एसईसीएल तथा गौरव दुबे, नामित अध्यक्ष केन्द्रीय विद्यालय बैकुंठपुर तथा एपीएम एसईसीएल के मुख्य आतिथ्य में विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय के प्राचार्य अवनि प्रकाश श्रीवास्तव ने अतिथि द्वय को पुष्प गुच्छ तथा प्रतीक चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया।

जीएम एसईसीएल जी.राजेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा मशाल जला कर किया। जी.राजेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से खेलों के माध्यम से अपने जीवन में अनुशासन को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का प्रारंभ बच्चों के द्वारा मनमोहक जुम्बा नृत्य की प्रस्तुति द्वारा हुआ जुम्बा नृत्य में संगीत की लय के साथ बच्चों की थिरकन देखने लायक थी। खेल दिवस के अवसर पर बच्चों की अनेक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई इन स्पर्धाओं में विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरूस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के खेल शिक्षक अश्विनी कुमार मांझी का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के वरिष्ठतम शिक्षक रविन्द्र कुमार यादव ने कार्यक्रम के सफल संचालन किया। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती रंजना सिंह, शिक्षिका सुश्री हरिथा दास, सुश्री राखी, सुश्री दिव्या, संगीत शिक्षक सतीप किण्डो तथा पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा समेत विद्यालय के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में अपना सार्थक सहयोग प्रदान किया। विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य तथा विद्यार्थियों के सहयोग से संपूर्ण आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## दुनिया में भारत ऐसा देश है जिसे भारत माता का दर्जा दिया गया : अभय राम

**हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर डांड़गांव हायरसेकंडरी स्कूल परिसर में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां भव्य शोभा यात्रा के साथ हजारो हिंदुओ ने हिंदू सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रांत प्रचारक अभय राम ने कहा कि पूरे दुनिया में भारत देश ऐसा है जहां भारत को राष्ट्र माता के रूप में माना जाता है और भारत माता का जयकारा लगाया जाता है।




एक माता जो जन्म देती है और दूसरी माता जिसके गोद में हम पलते बढ़ते हैं वह भारत माता हैं। विभिन्न संस्कृति होने के बाद भी विभिन्नता में एकता भारत की विशेषता है। महान विचार स्वामी विवेकानंद के साथ सुभाष चंद्र बोस सहित अन्य वीरो की यह भारत भूमि हैं। यहाँ सनातन संस्कृति एंव परंपरा आज भी विद्यमान है। जिला सह संघचालक देवनारायण यादव ने कहा कि भले हमारी रहन सहन वेशभूषा अलग अलग है।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, 79 यात्री रवाना

**मनेन्द्रगढ़।** जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा वरिष्ठ नागरिकों एवं श्रद्धालुओं के लिए पावन तीर्थ यात्रा का सफल आयोजन किया गया। योजना के तहत जिले से कुल 79 तीर्थ यात्रियों के साथ 1 स्कॉर्ट प्रभारी, 2 चिकित्सा अधिकारी तथा 3 अनुरक्षक नियुक्त किए गए थे, ताकि यात्रा के दौरान यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और स्वास्थ्य का पूर्ण ध्यान रखा जा सके। इस धार्मिक यात्रा के लिए विगत 13 दिसंबर को दोपहर 12 बजे सभी तीर्थ यात्री स्पेशल बस द्वारा मनेन्द्रगढ़ से बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हुए। वहीं



बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन से सायं 3.30 बजे स्पेशल ट्रेन के माध्यम से मथुरा के लिए तीर्थ यात्रियों को रवाना किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा हरीझंडी दिखाकर स्पेशल ट्रेन को रवाना किया गया था, जिससे यात्रियों में उत्साह और श्रद्धा का विशेष वातावरण बना।

## पृष्ठ 1 का शेष

### शाम ढलते ही...

लगाई गई डेकोरेटिव लाइट को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ कर दिए गए या फिर चोरी हो गई। नतीजा आज जिस तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए लाखों रूपए खर्च कर दिए गए थे। आज शाम ढलने के बाद तालाब के चारों ओर अंधेरा पसरा रहता है और शाम ढलने के बाद असामाजिक तत्वों का सुरक्षित ठिकाना बन जाता है। गंदगी के साथ शराब की बोतले भी यहां-वहां बिखरा मिल जाता है। इसी से समझा जा सकता है कि लाखों खर्च करने के बाद भी इस तालाब क्षेत्र में आम लोगों की चहल-पहल नहीं होती, बल्कि असामाजिक तत्वों के लिए सुरक्षित ठिकाना बन गया है।

### जिला स्तरीय पल्स...

उपलब्ध हो, गांव में मुनियादी कराएं एवं लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को सूचित करेंगे। पोलियो वाइल्ड वायरस के प्रसार को रोकने के लिए गठित इमरजेंसी प्रिपेयर्डनेस तथा रेपिड रिस्पांस टीम का उन्मुखीकरण करें, साथ ही एईएफआई (विशेष जोखिम परिस्थिति) के लिए कीट उपलब्ध रहे। कलेक्टर ने स्वास्थ विभाग के टीम को 8 बजे से अभियान आरंभ कर संध्या 5 बजे तक अभियान का संचालन होना चाहिए। कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि इस अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। पोलियो बूथ का संचालन निर्धारित समयावधि के पूर्व बंद नहीं किया जाना है। अभियान में वैक्सीन की गुणवत्ता को बनाए रख कार्यों का संपादन सुचारू रूप से किया जाना है। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रशांत सिंह, जिला अस्पताल सिविल सर्जन सह मुख्य अधीक्षक डॉ.आयुष जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग, विकासखंड़ चिकित्साधिकारी बैकुंठपुर, सोनहत, बचरापोड़ी, विकासखंड़ कार्यक्रम प्रबंधक बैकुंठपुर, सोनहत, बचरापोड़ी, समस्त बीलईटीओ विकासखंड़ बैकुंठपुर, सोनहत, बचरापोड़ी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी - कर्मचारी शामिल रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत...

इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक अदालतों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों, परिवार न्यायालयों के न्यायाधीशों एवं पैरा लीगल वॉलंटियर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही वर्ष 2023 एवं 2024 में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालतों तथा वर्ष 2025 में आयोजित चार राष्ट्रीय लोक अदालतों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों एवं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले परिवार न्यायालयों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम में उच्च न्यायालय के कई न्यायाधीशों सहित रजिस्ट्रार जनरल, छग राज्य न्यायिक अकादमी के अधिकारी, विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, स्थायी लोक अदालतों के अध्यक्ष, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा समस्त जिलों से नामित पैरा लीगल वॉलंटियर्स उपस्थित रहे। द्वितीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि छग में राष्ट्रीय लोक अदालत प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा तथा त्वरित, सुलभ एवं किफायती न्याय उपलब्ध कराने के लिए न्यायपालिका एवं विधिक सेवा संस्थाएं निरंतर प्रतिबद्ध रहेंगी।

### संत गुरुघासीदास ने...

श्रीमती वंदना राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कुमार जायसवाल, नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह, पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती लालमुनि यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु मुदुली, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, सतनामी समाज जिला कोरिया के पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र अजगले मंचासीन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक निराला ने की। इस अवसर पर सभी अतिथियों का साल एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया, इसके पश्चात कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए बालक-बालिकाओं एवं युवाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। इसके साथ ही सतनामी समाज के दोनों अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने सतनामी समाज के ऐतिहासिक संघर्ष और गुरूघासीदास के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि औरंगजेब के शासनकाल (1665) में जबरन धर्मांतरण और अत्याचार चरम पर थे। उस समय पंजाब के करनौर क्षेत्र में रहने वाले सतनामी समाज के लोगों ने इस्लाम स्वीकार करने से इनकार किया। परिणाम स्वरूप समाज पर अत्याचार किए गए और युद्ध की स्थिति उत्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि सतनामी समाज ने औरंगजेब की सेना का साहसपूर्वक मुकाबला किया, किंतु बाद में बढ़ते अत्याचारों के कारण समाज के लोग मध्यप्रदेश होते हुए छग आए और यहां अपने विचारों व मानवीय मूल्यों का प्रचार-प्रसार किया। एसपी श्री कुर्रे ने बताया कि गुरूघासीदास के पूर्वज मेदनी दास एवं भंगुर दास आयुर्वेद और जड़ी-बूटियों के महान जानकार थे। वे निःशुल्क उपचार कर समाज की सेवा करते थे। गुरूघासीदास ने आगे चलकर सत्य, अहिंसा, समानता और मानवता का संदेश दिया, जो आज भी समाज को दिशा प्रदान कर रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने कहा कि गुरू घासीदास केवल सतनामी समाज के ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के मार्गदर्शक थे। उन्होंने मनके मनके एक समान का संदेश देकर समाज में व्याप्त ऊंच-नीच, भेदभाव और असमानता को समाप्त करने का मार्ग दिखाया। गुरू घासीदास जी का जीवन सत्य, अहिंसा, प्रेम और मानवता पर आधारित था, जिसे आज के समय में अपनाने की सबसे अधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गुरूघासीदास द्वारा दिखाया गया मार्ग सामाजिक समरसता, भाईचारे और समान अधिकारों की भावना को मजबूत करता है। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट रखने और नई पीढ़ी को सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। मोहित पैकरा ने सतनामी समाज की एकता, अनुशासन और सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि समाज शिक्षा, सेवा और संस्कार के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। अंत में उन्होंने गुरूघासीदास के आर्दशों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि तभी एक समतामूलक, सशक्त और विकसित समाज का निर्माण संभव है।

## पीएम पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत किया न्योता भोज

**करवां।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कसलगिरी में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत न्योता भोज का आयोजन किया गया।

न्यौता भोज कार्यक्रम विद्यालय के प्रधान पाठक बद्री प्रसाद एक्का के ससुर शोभन लकड़ा ने अपने जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया था। उन्होंने अपना जन्मदिन पूरे परिवार के साथ विद्यालय पहुंचकर स्कूली बच्चों के साथ केक काटकर मनाया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। गीत, कविता और छोटे-छोटे संवादों के माध्यम से बच्चों ने पोषण, शिक्षा और स्वच्छता का संदेश दिया, जिसे उपस्थित अतिथियों ने खूब सराहा। न्योता भोज में पुलाव, पूड़ी, दाल, मिक्स सब्जी, मटर पनीर पापड़ और सलाद स्वादिष्ट व्यंजन बच्चों को परोसा गया। अतिथियों ने बच्चों के साथ पंगत में बैठकर भोजन मंत्र का उच्चारण कर भोजन ग्रहण किया। पौष्टिक संतुलित एवं स्वादिष्ट भोजन ग्रहण करने की खुशी बच्चों के चेहरों पर साफ झलक रही थी। संकुल प्राचार्य श्रीमती मीरा सिंह ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह योजना बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक विकास, स्कूल में नियमित उपस्थिति तथा सीखने की क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।